Adda247 GET IT ON Google Play

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०९/२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 12/08/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

Section : **General Science**

**Q.1 समान आयाम लेकिन विभिन्न आवृत्ति वाली दो ध्वनियों के संबंध में कौन-सा कथन सही है?**

Ans
- ✗ A. उनका तारत्व समान होता है लेकिन प्रबलता भिन्न होती है
- ✗ B. उनकी आवृत्ति समान होती है लेकिन आयाम भिन्न होते हैं
- ✗ C. वे समान माध्यम में भिन्न गति से गमन करती हैं
- ✓ D. उनकी प्रबलता समान होती है लेकिन तारत्व विभिन्न होता है

**Q.2 समस्थानिकों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?**

Ans
- ✗ A. समस्थानिकों के परमाणु क्रमांक भिन्न-भिन्न होते हैं, लेकिन द्रव्यमान संख्या समान होती है।
- ✗ B. समस्थानिकों में न्यूट्रॉनों की संख्या समान होती है।
- ✓ C. समस्थानिकों में प्रोटॉनों की संख्या समान होती है लेकिन न्यूट्रॉनों की संख्या भिन्न-भिन्न होती है।
- ✗ D. समस्थानिकों में समान परमाणु क्रमांक वाले भिन्न-भिन्न तत्व होते हैं

**Q.3 एक विद्यार्थी धारा को परिवर्तित किए बिना किसी डिवाइस द्वारा खपत की गई शक्ति को कम करना चाहता है। किस क्रिया द्वारा यह प्राप्त होगा?**

Ans
- ✗ A. परिपथ में तापमान बढ़ाना
- ✗ B. परिपथ में प्रतिरोध बढ़ाना
- ✓ C. परिपथ में प्रतिरोध घटाना
- ✗ D. प्रयुक्त वोल्टता बढ़ाना

Adda247

**Q.4 यदि एक धातु को दूसरी धातु के लवण विलयन में रखे जाने पर अभिक्रिया होती है, तो यह इन दोनों धातुओं के बारे में क्या निर्दिष्ट करता है?**

Ans
- ✗ A. विलयन में धातु अधिक अभिक्रियाशील है
- ✓ B. विलयन में धातु की तुलना में ठोस धातु अधिक अभिक्रियाशील है
- ✗ C. अभिक्रियाशीलता के बारे में कोई जानकारी निर्धारित नहीं की जा सकती है
- ✗ D. दोनों धातुएं समान रूप से अभिक्रियाशील हैं

**Q.5 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वोत्तम रूप से इसका वर्णन करता है कि ध्वनि, विभिन्न पदार्थों के माध्यम से कैसे गमन करती है?**

Ans
- ✗ A. ध्वनि, द्रवों में सबसे तेज और गैसों में सबसे धीमी गति से गमन करती है
- ✗ B. ध्वनि, गैसों में सबसे तेज और ठोसों में सबसे धीमी गति से गमन करती है
- ✗ C. ध्वनि सभी पदार्थों में समान चाल से गमन करती है
- ✓ D. ध्वनि, द्रवों और गैसों की तुलना में ठोसों में तेजी से गमन करती है

Test Prime By Adda247

# ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

*Test. Analyze. Improve. Repeat.*

## Don't just prepare. Perform.

Test Prime – built only for mock tests.




**1,50,000+** Mock Tests

**25,000+** Previous Year Papers

**800+** Exam Covered

**500%** Refund on Selection

**5 lakh+** Free Quizzes

**Daily** Free PDFs

**Top Alerts** Stay Updated

## WHY TEST PRIME?

- Multilingual
- Detailed Solution
- Strong and Weak Areas
- All India Rankings

Safe & Reliable

Trusted by Lakhs of Aspirants

Your Success, Our Mission

## DOWNLOAD TEST PRIME

*Your Success Partner!*

GET IT ON Google Play

Download on the App Store


Test Prime
SUCCESS GALLERY!
MEET THE ACHIEVERS
Shreya, SBI PO
Sahil, SBI PO
Srijita, SBI PO
Vikram, IBPS PO
Neeti, IBPS PO
Arya, IBPS PO
Hasan, SSC CGL
Palak, SSC CGL
Priti, UP TGT
Aniket, Bihar Stet
Shaurya, NTPC
Sarita, CTET
Gourav, NTPC
Sanni, NTPC
Abhishek, CTET
Sapna, IBPS Clerk
THEY DID IT. YOU CAN TOO
READ THEIR STORIES !

Adda247
GET IT ON Google Play

**Q.6** कैल्सियम क्लोराइड ($CaCl_2$) का सूत्र इकाई द्रव्यमान कितना है?

**Ans**
- ✗ A. 46 u
- ✗ B. 65 u
- ✓ C. 111 u
- ✗ D. 71 u

**Q.7** धूम्रपान शुरू करने के बाद एक रोगी को बार-बार खांसी और श्वसन संक्रमण होने लगता है। कौन-सा शरीरक्रियात्मक परिवर्तन इसकी सर्वोत्तम रूप से व्याख्या करता है?

**Ans**
- ✓ A. ऊपरी श्वसन पथ में सिलिया कार्य का ह्रास
- ✗ B. पूरे फेफड़ों में श्वसनियों का संकीर्णन
- ✗ C. मुख गुहा में अत्यधिक लार स्रावण
- ✗ D. रक्तचाप और हृद स्पंद का तेजी से बढ़ना

**Q.8** सहसंयोजक यौगिकों का गलनांक सामान्यतः निम्न क्यों होता है?

**Ans**
- ✗ A. क्योंकि वे धातुओं से बने होते हैं
- ✗ B. क्योंकि अणुओं के भीतर उनके आबंध दुर्बल होते हैं
- ✓ C. क्योंकि उनके अंतराआण्विक बल दुर्बल होते हैं
- ✗ D. क्योंकि उनके अणु बड़े होते हैं

**Q.9** उत्परिवर्तन किसी पादप में परिवहन तंत्र को बाधित करता है, जिससे पर्ण कोशिकाओं में ऑक्सीजन और अपशिष्ट पदार्थों का संचय होता है। परिणामस्वरूप कौन-से दो जैव प्रक्रम प्रत्यक्ष रूप से सबसे अधिक बाधित होते हैं?

**Ans**
- ✗ A. पोषण और श्वसन
- ✓ B. श्वसन और उत्सर्जन
- ✗ C. पोषण और वृद्धि
- ✗ D. वृद्धि और उत्सर्जन

**Q.10** यदि कोई वस्तु तल में बिंदु (0, 0) से बिंदु (4, -3) तक गति करती है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा सदिश, विस्थापन को सही प्रकार से निरूपित करता है?

**Ans**
- ✓ A. (4, -3)
- ✗ B. (-4, 3)
- ✗ C. (-3, 4)
- ✗ D. (3, -4)

**Q.11** निलंबन, विलयन और कोलॉइड में कणों के आमाप का सही घटता क्रम क्या है?

**Ans**
- ✗ A. विलयन > कोलॉइड > निलंबन
- ✗ B. कोलॉइड > निलंबन > विलयन
- ✓ C. निलंबन > कोलॉइड > विलयन
- ✗ D. निलंबन > विलयन > कोलॉइड

**Q.12** निम्नलिखित में से किस एक को छोड़कर शेष सभी, मानव मादा जनन तंत्र के भाग हैं?

**Ans**
- ✗ A. गर्भाशय (Uterus)
- ✗ B. अंडवाहिनी (Oviducts)
- ✓ C. शुक्रवाहिका (Vas deferens)
- ✗ D. योनि (Vagina)

**Q.13** अम्लों को सावधानीपूर्वक तनुकृत क्यों करना चाहिए?

Ans
- ✗ A. सांद्रता कम करने के लिए
- ✗ B. अम्लता बढ़ाने के लिए
- ✗ C. अभिक्रिया को तीव्र करने के लिए
- ✓ D. छींटों से बचने के लिए

**Q.14** एक पर्वतारोही परिवर्ती ढलानों वाले पहाड़ पर बैग लेकर चढ़ रहा है। चढ़ाई के दौरान किस बिंदु पर बैग की स्थितिज ऊर्जा अधिकतम होगी, यह मानते हुए कि ऊर्जा का ह्रास नहीं होता है और द्रव्यमान नियत रहता है?

Ans
- ✓ A. चढ़ाई के दौरान उच्चतम ऊंचाई पर
- ✗ B. चढ़ाई की सबसे खड़ी ढलान पर
- ✗ C. पहाड़ के आधार पर आरंभिक स्थिति पर
- ✗ D. पहाड़ पर चढ़ते हुए आधे रास्ते पर

**Q.15** शुक्राणु कोशिका के __________ में निषेचन के लिए आवश्यक आनुवंशिक पदार्थ होता है।

Ans
- ✗ A. झिल्ली (Membrane)
- ✓ B. शीर्ष (Head)
- ✗ C. तरल (Fluid)
- ✗ D. पूँछ (Tail)

**Q.16** एक शोधकर्ता यह अध्ययन कर रहा है कि पीढ़ी दर पीढ़ी व्यक्तियों के बीच लघु अंतर किस प्रकार नए जीव रूपों के उद्भव में योगदान करते हैं। यह परिदृश्य किस प्रक्रम को निरूपित करता है?

Ans
- ✗ A. पारिस्थितिक अनुक्रम (Ecological succession)
- ✓ B. जैव विविधता का विकास (Evolution of biodiversity)
- ✗ C. वर्गिकीय वर्गीकरण (Taxonomic classification)
- ✗ D. आनुवंशिक विचलन (Genetic drift)

**Q.17** एक डॉक्टर, सूक्ष्मदर्शी से मोटी और लचीली भित्ति वाली रक्त वाहिका का अवलोकन करता है। यह किस प्रकार की वाहिका हो सकती है?

Ans
- ✗ A. केशिका
- ✓ B. धमनी
- ✗ C. लसीका वाहिका
- ✗ D. शिरा

**Q.18** अभिकथन (A) और कारण (R) से चिह्नित निम्नलिखित दो कथनों के संबंध में सही विकल्प का चयन कीजिए।

अभिकथन (A): कोयला और पेट्रोलियम को जीवाश्म ईंधन कहा जाता है।
कारण (R): इनका निर्माण प्राचीन पौधों और जंतुओं के अवशेषों से हुआ था।

Ans
- ✓ A. A और R दोनों सत्य हैं, तथा R, A का सही स्पष्टीकरण है।
- ✗ B. A और R दोनों सत्य हैं, तथा R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
- ✗ C. A असत्य है, लेकिन R सत्य है।
- ✗ D. A सत्य है, लेकिन R असत्य है।

**Q.19** यदि कोई वस्तु समान दिशा में समान चाल से निरंतर गति करती है, तो उस पर कार्य करने वाले बलों के संबंध में क्या अनुमान लगाया जा सकता है?

Ans
- ✗ A. बल असंतुलित होते हैं
- ✗ B. सभी बल गति की दिशा के समान दिशा में होते हैं
- ✗ C. बल सदैव गुरुत्वाकर्षण को निरस्त करते हैं
- ✓ D. बल संतुलित होते हैं

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.20 निम्नलिखित अभिक्रिया पर विचार कीजिए:
$ZnO(s) + C(s) \rightarrow Zn(s) + CO(g)$

इस अभिक्रिया में उस पदार्थ की सही पहचान कीजिए जिसका अपचयन होता है?

Ans
- ✗ A. ZnO, जिंक धातु में परिवर्तित होता है
- ✓ B. ZnO, ऑक्सीजन का त्यागकर Zn बनाता है
- ✗ C. कार्बन, ऑक्सीजन ग्रहण करके CO बनाता है
- ✗ D. ऑक्सीकरण के दौरान CO उत्पन्न होती है

Q.21 तार की एक कुंडली को शीघ्रता से एक प्रबल चुंबकीय क्षेत्र वाले क्षेत्र में घुमाया जाता है। निम्नलिखित में से कौन-सा परिवर्तन कुंडली में प्रेरित धारा के परिमाण को संभवतः बढ़ाएगा?

Ans
- ✗ A. कुंडली के लिए मोटे तार का उपयोग करना
- ✗ B. कुंडली को क्षेत्र में स्थिर रखना
- ✓ C. कुंडली के चुंबकीय क्षेत्र में प्रवेश करने की चाल को बढ़ाना
- ✗ D. कुंडली को क्षेत्र में समान चाल से घूर्णन कराना

Q.22 मुख्य अक्ष के समांतर एक किरण अवतल दर्पण से टकराती है। परावर्तन के बाद, यह किस बिंदु से गुजरती है?

Ans
- ✓ A. दर्पण के फोकस
- ✗ B. दर्पण के ध्रुव
- ✗ C. वक्रता केंद्र
- ✗ D. दर्पण के शीर्ष

Q.23 तंत्रिका तंत्र में न्यूरॉन्स की भूमिका के लिए उनकी संरचना क्यों महत्वपूर्ण है?

Ans
- ✗ A. पोषकों का भंडारण करने के लिए
- ✗ B. एंजाइमों का उत्पादन करने के लिए
- ✓ C. सिग्नल का संचरण होने के लिए
- ✗ D. ऊतकों की मरम्मत के लिए

Q.24 एक साइकिल चालक गतिमान साइकिल को रोकने के लिए ब्रेक लगाता है। ब्रेकन बल द्वारा साइकिल पर किया गया कार्य _______ होता है।

Ans
- ✓ A. केवल ऋणात्मक
- ✗ B. धनात्मक और ऋणात्मक दोनों
- ✗ C. शून्य
- ✗ D. केवल धनात्मक

Q.25 जलजनित प्रकोप से पता चलता है कि रोगकारक एकल-कोशिकीय, केंद्रक-रहित जीव हैं जो वाहित मल और जंतुओं की आंत्र में पनपते हैं। ये जीव संभवतः किस समूह से संबंधित हैं?

Ans
- ✗ A. कवक जगत
- ✗ B. प्रोटिस्टा जगत
- ✓ C. मोनेरा जगत
- ✗ D. पादप जगत

Section : **Mathematics**

Q.26 R त्रिज्या और H ऊंचाई वाले एक ठोस शंकु को पिघलाकर 8 समरूप ठोस शंकु बनाए जाते हैं, जिनमें से प्रत्येक की त्रिज्या $\frac{R}{3}$ है। प्रत्येक नए शंकु की ऊंचाई ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. $\frac{H}{8}$
- ✗ B. $\frac{3H}{8}$
- ✓ C. $\frac{9H}{8}$
- ✗ D. $\frac{27H}{8}$

Q.27 ₹5,000 की धनराशि को 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर से 1 वर्ष के लिए निवेश किया जाता है, जबकि ब्याज अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होता है। अर्जित चक्रवृद्धि ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 575.50
- ✗ B. 505.50
- ✓ C. 512.50
- ✗ D. 530.50

Q.28 PQR एक त्रिभुज है और भुजा QR पर एक बिंदु D स्थित है। यदि QR=16 cm, QD=12 cm और ∠QPR= ∠PDR है, तो PR की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 64 cm
- ✗ B. 4 cm
- ✗ C. 28 cm
- ✓ D. 8 cm

Q.29 अरविंद ने एक वस्तु ₹x में खरीदी। उसने इसे बीरू को 16% की हानि पर बेच दिया। बीरू ने इसके परिवहन पर ₹147 खर्च किए और इसे मीनू को 40% के लाभ पर बेच दिया। यदि मीनू ने इसे ₹617 में खरीदा, तो x का मान कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 1,186
- ✗ B. 1,227
- ✗ C. 1,204
- ✓ D. 1,200

Q.30 $\frac{(1-\tan A)^2}{(1-\cot A)^2}+1$ को सरल कीजिए।

Ans
- ✓ A. $\sec^2 A$
- ✗ B. $\tan A$
- ✗ C. $\cot^2 A$
- ✗ D. $\tan^2 A$

Q.31 दो संख्याओं का अनुपात 6 : 11 है। यदि छोटी संख्या 18 है, तो बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 33
- ✗ B. 22
- ✗ C. 30
- ✗ D. 27

Adda247

Q.32 यदि ₹550 की राशि 20% वार्षिक ब्याज दर पर 2.5 वर्षों के लिए उधार ली जाती है, तो साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 255
- ✗ B. 325
- ✓ C. 275
- ✗ D. 375

Q.33 एक विज्ञान प्रोजेक्ट में, दो मशीनों की शक्ति की तुलना की जा रही है। मशीन A की शक्ति $2 \times \sqrt{8x}$ के रूप में मापी जाती है तथा मशीन B की शक्ति $2 \times 8 \times \sqrt{y}$ के रूप में मापी जाती है। यदि दोनों मशीनें समान शक्ति उत्पन्न करती हैं, तो $\frac{x}{y}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 4
- ✗ B. 16
- ✗ C. 2
- ✓ D. 8

Q.34 यदि दिया गया है कि $109^{0.71} = x$, $109^{0.47} = y$ और $x^z = y^{10}$ है, तो z का सन्निकट मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 9.19
- ✗ B. 6.04
- ✗ C. 5.77
- ✓ D. 6.62

Q.35 एक कुकर का अंकित मूल्य चार दुकानों I, II, III और IV पर समान है। कुकर के अंकित मूल्य पर, दुकान I द्वारा 14% और 87% की दो क्रमिक छूट दी जाती है, दुकान II द्वारा 96% और 76% की क्रमिक छूट दी जाती है, दुकान III द्वारा 22% और 92% की क्रमिक छूट दी जाती है और दुकान IV द्वारा 16%, 89% और 57% की क्रमिक छूट दी जाती है। कौन-सी दुकान, सबसे कम मूल्य पर कुकर बेच रही है?

Ans
- ✗ A. IV
- ✓ B. II
- ✗ C. I
- ✗ D. III

Q.36 रमन की आय ₹91,700 है। वह अपनी आय के 20% की बचत करता है। यदि उसकी आय में 19% की वृद्धि होती है और व्यय में 35% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में _____ होगी।

Ans
- ✓ A. ₹8,253 की कमी
- ✗ B. ₹8,252 की कमी
- ✗ C. ₹8,255 की वृद्धि
- ✗ D. ₹8,249 की वृद्धि

Q.37 यदि $49a^2 - b = \left(7a + \frac{1}{2}\right)\left(7a - \frac{1}{2}\right)$ है, तो b का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. $\frac{1}{4}$
- ✗ B. $4$
- ✗ C. $-\frac{1}{4}$
- ✗ D. $\frac{1}{16}$

**Q.38** A एक काम को 16 दिन में पूरा कर सकता है। B, A से 60% अधिक कुशल है। A और B को मिलकर उस काम को पूरा करने में कितना समय लगेगा?

**Ans**
- ✔ A. $6\frac{2}{13}$ दिन
- ✘ B. $3\frac{2}{7}$ दिन
- ✘ C. $4\frac{3}{13}$ दिन
- ✘ D. $5\frac{4}{7}$ दिन

**Q.39** एक आयताकार क्रीड़ा स्थल की लम्बाई उसकी चौड़ाई से 20 m अधिक है। क्रीड़ा स्थल के चारों ओर 2 m की एकसमान चौड़ाई का पैदल मार्ग बनाया गया है। पैदल मार्ग का क्षेत्रफल 176 $m^2$ है। क्रीड़ा स्थल का परिमाप (मार्ग को छोड़कर) कितना है?

**Ans**
- ✘ A. 84 m
- ✔ B. 80 m
- ✘ C. 94 m
- ✘ D. 90 m

**Q.40** आंकड़ों के एक समुच्चय का माध्य और बहुलक क्रमशः 23.9 और 50.9 हैं। मूलानुपाती सूत्र का उपयोग करते हुए आंकड़ों का माध्यिका ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ A. 34
- ✘ B. 33.8
- ✘ C. 32.6
- ✔ D. 32.9

**Q.41** विक्रम अपनी कमाई से r% की बचत करता है। यदि उसकी कमाई में 22% की वृद्धि होती है और उसके व्यय में 16% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में 40% की वृद्धि होती है। r का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ A. 16
- ✘ B. 22
- ✔ C. 25
- ✘ D. 27

**Q.42** एक मोटर बाइक 2 घंटे तक 54 km/hr की चाल से यात्रा करती है, फिर 3 घंटे तक 70 km/hr की चाल से तथा अंत में 3 घंटे तक 60 km/hr की चाल से यात्रा करती है। संपूर्ण यात्रा के लिए मोटर बाइक की औसत चाल ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ A. 64.18 km/hr
- ✘ B. 59.28 km/hr
- ✔ C. 62.25 km/hr
- ✘ D. 56.83 km/hr

**Q.43** यदि किसी सप्ताह के पहले 3 दिनों का औसत तापमान 38.5°C है और अंतिम 4 दिनों का औसत तापमान 39.2°C है, तो पूरे सप्ताह का औसत तापमान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ A. $38.9^{\circ}$ C
- ✘ B. $38.8^{\circ}$ C
- ✘ C. $39^{\circ}$ C
- ✘ D. $38.6^{\circ}$ C

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.44 $\frac{3}{5} + \frac{2}{3}$ को सरल कीजिए।

Ans
✔ A. $\frac{19}{15}$
✗ B. $\frac{23}{25}$
✗ C. $\frac{19}{25}$
✗ D. $\frac{23}{15}$

Q.45 दी गई तालिका को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
पांच व्यक्तियों, A, B, C, D और E द्वारा छह अलग-अलग वर्षों में अर्जित राशि (लाख में)
व्यक्ति

| वर्ष | A | B | C | D | E |
|---|---|---|---|---|---|
| 2005 | 2.24 | 4.33 | 5.64 | 3.73 | 1.69 |
| 2006 | 1.44 | 3.34 | 6.93 | 5.52 | 5.52 |
| 2007 | 4.63 | 2.79 | 7.52 | 5.68 | 4.28 |
| 2008 | 6.65 | 6.63 | 5.83 | 6.74 | 6.83 |
| 2009 | 5.34 | 4.5 | 5.94 | 8.42 | 5.53 |
| 2010 | 7.38 | 5.36 | 7.84 | 9.45 | 9.94 |

वर्ष 2007 में व्यक्ति-B द्वारा अर्जित राशि और वर्ष 2010 में व्यक्ति-D द्वारा अर्जित राशि के बीच संबंधित अनुपात क्या था?

Ans
✗ A. 37:109
✗ B. 32:105
✗ C. 37:107
✔ D. 31:105

Q.46 संख्या 4, 8 और 10 के लिए क्रमशः 2, 3 और 5 भार निर्धारित किए गए हैं। उनका भारित समांतर माध्य ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 7.4
✔ B. 8.2
✗ C. 9.1
✗ D. 6.5

Q.47 $\frac{\tan 75^0 - \tan 15^0}{1 + \tan 75^0 \tan 15^0}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ A. $\sqrt{3}$
✗ B. $\frac{1}{\sqrt{3}}$
✗ C. $\frac{2}{\sqrt{3}}$
✗ D. $\sqrt{2}$

Q.48 A, B और C ने एक व्यवसाय शुरू किया, प्रत्येक ने ₹10000 का निवेश किया। 4 महीने बाद, A ₹3000 निकालता है, B ₹4000 निकालता है, और C ₹3000 अधिक का निवेश करता है। एक वर्ष के अंत में, कुल लाभ ₹65600 था। वर्ष के अंत में C का हिस्सा ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ A. ₹28800
✗ B. ₹24600
✗ C. ₹29800
✗ D. ₹22700

**Q.49** जसप्रीत ने ₹64,750 की धनराशि वार्षिक रूप से संयोजित होने वाले 20% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर जमा की। 2 वर्ष बाद जसप्रीत को प्राप्त मिश्रधन ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ A. ₹93,240
- ✘ B. ₹93,349
- ✘ C. ₹93,080
- ✘ D. ₹92,875

**Q.50** नाव और धारा की चाल का अनुपात 36 : 5 है। नाव को धारा की दिशा में एक निश्चित दूरी तय करने में 5 घंटे 10 मिनट का समय लगता है। नाव को धारा की दिशा के विपरीत वापस आने में कितना समय लगेगा?

**Ans**
- ✘ A. 6 घंटे 20 मिनट
- ✔ B. 6 घंटे 50 मिनट
- ✘ C. 6 घंटे 30 मिनट
- ✘ D. 5 घंटे 50 मिनट

## Section : General Intelligence and Reasoning

**Q.51** यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

**JAR PIT FEW NOR**

प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है, और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने शब्दों में कोई स्वर नहीं होगा?

**Ans**
- ✘ A. चार
- ✘ B. दो
- ✔ C. एक
- ✘ D. तीन

**Q.52** नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रियाएं करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रियाएं करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है, इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, दिए गए समुच्चयों में प्रयुक्त संक्रियाओं के समान समुच्चय का अनुसरण करता है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

**4 – 16 – 26 – 52**
**7 – 49 – 59 – 118**

**Ans**
- ✔ A. 9 – 81 – 91 – 182
- ✘ B. 11 – 22 – 44 – 54
- ✘ C. 17 – 38 – 48 – 88
- ✘ D. 5 – 25 – 50 – 60

**Q.53** एक निश्चित कूट भाषा में, ‘shut the business’ को ‘qt gv bx’ के रूप में और ‘business is down’ को ‘mj yp gv’ के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में ‘business’ को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा? (सभी कूट केवल दो-अक्षरों के कूट हैं।)

**Ans**
- ✔ A. gv
- ✘ B. qt
- ✘ C. bx
- ✘ D. yp

Q.54 यदि 'P' का अर्थ '×' है, 'Q' का अर्थ '÷' है, 'R' का अर्थ '-' है और 'S' का अर्थ '+' है, तो निम्नांकित समीकरण में प्रश्न चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?
(12 Q 3) P 7 R 5 P 4 S 12 = ?

Ans
- ✗ A. 12
- ✗ B. 28
- ✓ C. 20
- ✗ D. 34

Q.55 शब्द ABILITY के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर, बाएं से दूसरे स्थान पर होगा?

Ans
- ✗ A. B
- ✗ B. S
- ✗ C. K
- ✓ D. A

Q.56 एक निश्चित कूट भाषा में, 'QEHU' को '153' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'ZBKN' को '159' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'SWGJ' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✗ A. 169
- ✗ B. 171
- ✗ C. 165
- ✓ D. 177

Q.57 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : NRP :: FSW : %

Ans
- ✗ A. #=LPR, %=HUT
- ✓ B. #=LPR, %=HUU
- ✗ C. #=LPR, %=HUV
- ✗ D. #=LPR, %=HVU

Q.58 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. SRV
- ✓ B. QQT
- ✗ C. VUY
- ✗ D. ONR

Q.59 दी गई अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) L = W L & > P < T ? H € M ÷ J # V @ & A ¥ M ? Q % P ∞ (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद एक और प्रतीक है?

Ans
- ✗ A. तीन
- ✗ B. एक भी नहीं
- ✗ C. एक
- ✓ D. दो

Q.60 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

1184 ÷ 2 + 909 × 3 − 401 = ?

Ans
✔ A. 2466
✘ B. 2146
✘ C. 2868
✘ D. 2738

Q.61 उत्तर की ओर अभिमुख 100 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, सुखी बाएं से 25वें स्थान पर है और अभिषेक दाएं से 34वें स्थान पर है। रमेश उन दोनों के ठीक बीच बैठा है, तो सुखी के संदर्भ में रमेश का स्थान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ A. 22वां
✔ B. 21वां
✘ C. 23वां
✘ D. 20वां

Q.62 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B का पति है', और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A , B की माता है'।

यदि 'P + Q – R × S – T' है, तो P का T से क्या संबंध है ?

Ans
✘ A. पुत्र की पुत्री
✔ B. पुत्री की पुत्री
✘ C. पुत्री
✘ D. पुत्र

Q.63 निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएँ केवल एकल-अंकीय संख्याएँ हैं। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

(बाएँ) 9 1 2 4 9 7 7 7 5 6 1 1 5 4 7 3 7 4 5 4 2 6 5 (दाएँ)

ऐसे कितने सम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक और ठीक बाद में भी एक सम अंक है?

Ans
✘ A. दो
✔ B. एक
✘ C. तीन
✘ D.
एक भी नहीं

Q.64 शब्द VOYAGE के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उससे ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर, ठीक दो बार आएगा?

Ans
✘ A. B
✘ B. X
✘ C. P
✔ D. F

Q.65 एक निश्चित तरीके से, OS 5 का संबंध PP -5 से है। उसी प्रकार FJ 9 का संबंध GG -1 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, LN 11 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
✘ A. HM 2
✔ B. MK 1
✘ C. VG 4
✘ D. HJ 3

Q.66 यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

SON WIL TEN JUN

प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में, कोई स्वर नहीं आएगा?

Ans
- ✗ A. चार
- ✓ B. तीन
- ✗ C. एक
- ✗ D. दो

Q.67 एक निश्चित कूट भाषा में, 'curtain for door' को 'ar yb qj' के रूप में और 'door is open' को 'yb gt ol' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में 'door' को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा? (सभी कूट केवल दो-अक्षर वाले कूट हैं।)

Ans
- ✓ A. yb
- ✗ B. ol
- ✗ C. qj
- ✗ D. gt

Q.68 P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। P की परीक्षा बुधवार को है। P और R के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। U की परीक्षा, R के ठीक बाद वाले दिन है। U और Q के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है। V की परीक्षा, S के बाद लेकिन Q से पहले है। T की परीक्षा किस दिन है?

Ans
- ✗ A. शनिवार
- ✗ B. गुरुवार
- ✓ C. रविवार
- ✗ D. सोमवार

Q.69 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

33 39 46 54 63 73 ?

Ans
- ✗ A. 87
- ✗ B. 81
- ✗ C. 82
- ✓ D. 84

Q.70 एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन गए हैं। आपको तय करना है कि कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और उचित उत्तर का चयन कीजिए।

**Q.** 5 छड़ियों B, U, N, M और D में से, जहां प्रत्येक की लंबाई अलग-अलग है, कौन-सी छड़ी सबसे छोटी है?
**(I)** M केवल एक छड़ी से लंबी है। B, U से लंबी है।
**(II)** M, D से लंबी है।

Ans
- ✓ A. कथन I और II दोनों मिलकर (और न अकेले कथन I या अकेले कथन II) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं
- ✗ B. कथन I और II दोनों मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
- ✗ C. कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है
- ✗ D. कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है

Q.71 सात बॉक्स I, J, K, Q, R, S और T एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन आवश्यक नहीं कि इसी क्रम में हों। R के ऊपर केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। R और T के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। केवल S को। के ऊपर रखा गया है। J को Q के नीचे किसी स्थान पर और K के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। Q और T के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
- ✗ A. दो
- ✓ B. तीन
- ✗ C. एक
- ✗ D. चार

Q.72 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह युग्म किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

Ans
- ✗ A. KO - HL
- ✗ B. DI - AF
- ✗ C. XB - UY
- ✓ D. QR - MP

Q.73 सात विद्यार्थी, I, J, K, P, Q, R और Z, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
P, J के ठीक दाएँ पड़ोस में बैठा है। Q के बाएँ से गिनने पर, Q और R के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। I के दाएँ से गिनने पर, J और I के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। I और R दोनों का निकटतम पड़ोसी Z है।
K के बाएँ तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. Z
- ✗ B. Q
- ✗ C. R
- ✓ D. I

Q.74 यदि '+' का अर्थ '×' है, '−' का अर्थ '÷' है, '×' का अर्थ '+' है तथा '÷' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

25 − 5 + 6 × 2 ÷ 4 = ?

Ans
- ✗ A. 26
- ✗ B. 30
- ✗ C. 32
- ✓ D. 28

Q.75 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके तीसरी संख्या प्राप्त की गई है और इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त की गई हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न में वर्णित संक्रियाओं के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?
(नोट: दो/तीन अंकों वाली संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है, उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 है, तो संक्रिया 3 + 7 नहीं हो सकती है, क्योंकि दो अंकों वाली संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है)
19 - 266 - 38 ;
42 - 588 - 84

Ans
- ✗ A. 28 - 392 - 66
- ✗ B. 49 - 686 - 99
- ✓ C. 35 - 490 - 70
- ✗ D. 14 - 196 - 29

Adda247

Q.76 निम्नांकित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 3 7 > / 5 + & 5 & 8 9 ^ 7 4 2 2 \ 3 @ 4 $ (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक और प्रतीक है और ठीक बाद में एक संख्या भी है?

Ans
- ✗ A. एक
- ✓ B. दो
- ✗ C. तीन
- ✗ D. एक भी नहीं

Q.77 छह व्यक्ति, L, M, N, O, P और Q, एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। L और Q के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। N दाएं छोर पर बैठा है। P, N के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। L, O के दाएं ठीक पड़ोस में बैठा है। P के दाएं ठीक पड़ोस में कौन बैठा है?

Ans
- ✗ A. O
- ✗ B. L
- ✗ C. M
- ✓ D. Q

Q.78 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से EBIG का संबंध KHOM से है। उसी प्रकार, HELJ का संबंध NKRP से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, LIPN का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✗ A. ORTV
- ✓ B. ROVT
- ✗ C. ROTV
- ✗ D. ORVT

Q.79 A, B का पिता है। B, C का भाई है। C, D की पत्नी है। A का D से क्या संबंध है?

Ans
- ✗ A. पत्नी की माता
- ✗ B. माता के भाई
- ✗ C. भाई
- ✓ D. पत्नी के पिता

Q.80 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

LPL NRN PTP RVR ?

Ans
- ✗ A. TYT
- ✓ B. TXT
- ✗ C. TWS
- ✗ D. TUT

Section : **General Awareness and Current Affairs**

Q.81 फरवरी 2026 में ऑल डोमेन जॉइंट ऑपरेशन्स (ADJO) एक्सरसाइज 2026 के फ्रेमवर्क के तहत उच्च स्तरीय जॉइंट ऑपरेशन्स कॉन्क्लेव (Joint Operations Conclave) की मेजबानी किस कमान ने की थी?

Ans
- ✗ A. मध्य वायु कमान (Central Air Command)
- ✗ B. दक्षिणी कमान (Southern Command)
- ✗ C. पूर्वी नौसेना कमान (Eastern Naval Command)
- ✓ D. पश्चिमी वायु कमान (Western Air Command)

Adda247

**Q.82** फरवरी 2026 में नई दिल्ली में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) की नई साइबर क्राइम शाखा के उद्घाटन के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा कौन-सा डैशबोर्ड लॉन्च किया गया था?

Ans
- ✔ A. स्टेट साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (S4C) डैशबोर्ड
- ✗ B. डिजिटल गवर्नेंस मॉनिटरिंग डैशबोर्ड
- ✗ C. यूनिफाइड वीमेन सेफ्टी मॉनिटरिंग पोर्टल
- ✗ D. सेंट्रल फाइनेंशियल फ्रॉड एनालिसिस डैशबोर्ड

**Q.83** मई 2026 में, सरकार ने राष्ट्रीय खेल महासंघों (NSFs) के लिए वित्तीय अनुदानों में संशोधन किया। इन नए दिशानिर्देशों के अंतर्गत, अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों की मेजबानी के लिए संशोधित अनुदान कितना है?

Ans
- ✗ A. ₹5 करोड़
- ✗ B. ₹90 लाख
- ✗ C. ₹1 करोड़
- ✔ D. ₹2 करोड़

**Q.84** जनवरी 2026 में, केरल के किस प्रख्यात व्यक्ति को सार्वजनिक मामलों में विशेष रूप से न्यायिक निष्पक्षता और संवैधानिक शासन में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था?

Ans
- ✗ A. जस्ती चेलमेश्वर
- ✗ B. कुरियन जोसेफ
- ✔ C. के. टी. थॉमस
- ✗ D. पी. सदाशिवम

**Q.85** अप्रैल 2026 में, सामाजिक न्याय मंत्रालय ने 75 लाख से अधिक लाभार्थियों को लगभग ₹8,000 करोड़ वितरित करने की रिपोर्ट दी। यह विशिष्ट बजट आवंटन किस समुदाय के लिए लक्षित था?

Ans
- ✔ A. अनुसूचित जाति (SC) के लाभार्थी
- ✗ B. विशेष रूप से पारसी समुदाय
- ✗ C. छह अधिसूचित अल्पसंख्यक समुदाय (ईसाई, मुस्लिम, आदि)
- ✗ D. विशेष रूप से से कमजोर जनजातीय समूह (PVTGs)

**Q.86** 30 अप्रैल, 2026 को मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड द्वारा भारतीय नौसेना को दिए गए छठे नीलगिरी-श्रेणी स्टील्थ फ्रिगेट का नाम क्या है?

Ans
- ✗ A. नीलगिरि
- ✔ B. महेंद्रगिरि
- ✗ C. विंध्यगिरि
- ✗ D. तारागिरी

**Q.87** निम्नलिखित में से किस संगठन ने भारत के जनजातीय समुदायों के इतिहास और योगदान को प्रलेखित करने के लिए मार्च 2026 में 'जनजाति गौरव (Janjati Gaurav)' नामक पुस्तक प्रकाशित की?

Ans
- ✗ A. जनजातीय कार्य मंत्रालय (Ministry of Tribal Affairs)
- ✗ B. साहित्य अकादमी (Sahitya Akademi)
- ✗ C. नेशनल बुक ट्रस्ट (National Book Trust)
- ✔ D. इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर आर्ट्स (Indira Gandhi National Centre for Arts)

**Q.88** मई 2026 में, निम्नलिखित नेताओं में से किसने, भारत में पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली?

Ans
- ✗ A. दिलीप घोष
- ✔ B. सुवेंदु अधिकारी
- ✗ C. सुकांत मजूमदार
- ✗ D. ममता बनर्जी

Adda247

**Q.89** वर्ष 2026 में, उत्तर प्रदेश में स्थित किस पक्षी अभयारण्य को अंतर्राष्ट्रीय महत्व की आर्द्रभूमि के रूप में रामसर सूची में शामिल किया गया?

Ans
- ✔ A. पटना पक्षी अभयारण्य
- ✘ B. नवाबगंज पक्षी अभयारण्य
- ✘ C. ओखला पक्षी अभयारण्य
- ✘ D. सूर सरोवर पक्षी अभयारण्य

**Q.90** RBI द्वारा सुरक्षित बैंकिंग प्रैक्टिस पर ध्यान केंद्रित करते हुए किस तिथि को फाइनेंशियल लिटरेसी वीक 2026 मनाया?

Ans
- ✔ A. 9 से 13 फरवरी, 2026
- ✘ B. 20 से 24 फरवरी, 2026
- ✘ C. 15 से 19 फरवरी, 2026
- ✘ D. 1 से 5 फरवरी, 2026

**Q.91** केंद्रीय बजट 2025-26 के अनुसार, अगले पांच वर्षों में वृद्धित वित्तीय सहायता के साथ, IITs और IISc में तकनीकी अनुसंधान के लिए कितनी पीएम रिसर्च फेलोशिप (PM Research Fellowships) प्रदान की जाएंगी?

Ans
- ✔ A. 10,000
- ✘ B. 12,000
- ✘ C. 14,000
- ✘ D. 16,000

**Q.92** 7 मई, 2026 को, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन और भारतीय वायु सेना ने __________ का प्रथम उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किया।

Ans
- ✔ A. टैक्टिकल एडवांस्ड रेंज ऑग्मेंटेशन (Tactical Advanced Range Augmentation)
- ✘ B. टारगेट एक्विजिशन एंड रडार असिस्टेंस (Target Acquisition and Radar Assistance)
- ✘ C. टैक्टिकल एविएशन रिस्पॉन्स आर्मामेंट (Tactical Aviation Response Armament)
- ✘ D. टैक्टिकल एयरबोर्न रिकॉनिसेंस एयरक्राफ्ट (Tactical Airborne Reconnaissance Aircraft)

**Q.93** 2025 में, DRDO के नेतृत्व वाले किस प्रोजेक्ट को भारत की उस सामरिक पहल के रूप में पहचाना गया, जिसका उद्देश्य बहुस्तरीय अंतर्रोधन खतरों को रोकने के लिए सतह से हवा में मार करने में सक्षम स्वदेशी विस्तारित दूरी की मिसाइल प्रणाली विकसित करना है?

Ans
- ✔ A. प्रोजेक्ट कुशा
- ✘ B. प्रोजेक्ट SURAKSHA
- ✘ C. DEFENCE-X
- ✘ D. रक्षा शक्ति प्रोजेक्ट

**Q.94** 2026 में, किस टेनिस स्टार को उनके प्रदर्शन के लिए लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर नामित किया गया था, जिसमें फ्रेंच और US ओपन जीतना शामिल था?

Ans
- ✘ A. अलेक्जेंडर ज्वेरेव (Alexander Zverev)
- ✔ B. कार्लोस अल्काराज (Carlos Alcaraz)
- ✘ C. नोवाक जोकोविच (Novak Djokovic)
- ✘ D. जानिक सिनर (Jannik Sinner)

**Q.95** दिसंबर 2025 में ऑस्ट्रेलिया में एक घातक सामूहिक गोलीबारी के बाद, प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने एक प्रमुख राष्ट्रीय गन बायबैक योजना की घोषणा की। यह किस प्रमुख ऑस्ट्रेलियाई स्थान पर हुआ था?

Ans
- ✘ A. लिंड्ट कैफ़े, सिडनी (Lindt Cafe, Sydney)
- ✘ B. विएम्बिला, क्वींसलैंड (Wieambilla, Queensland)
- ✔ C. बॉन्डी बीच, सिडनी (Bondi Beach, Sydney)
- ✘ D. पोर्ट आर्थर, तस्मानिया (Port Arthur, Tasmania)

Adda247


Test Prime By Adda247

# PREVIOUS YEAR PAPERS PDF

PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!

Free **25,000+** PDF's

High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly




ATTEMPT AS **MOCK**

Turn PDFs into real exam experience.

Analyze. Improve. Succeed.

- Topic-wise & Exam-wise PDFs
- Download & Study Offline
- Attempt as Mock & Track Score
- Smart Analysis & Performance

AVAILABLE IN

Banking | SSC | Railway | Teaching | UGC | Agriculture | Nursing

Bihar | UP | Punjab | WB | Odisha | TN | AP & Telangana | Haryana

DOWNLOAD TEST PRIME


Test Prime
SUCCESS GALLERY!
MEET THE ACHIEVERS
Kunal, RRB JE
Shivam, UPSSSC AGTA
Priya, ANM
KHALILUR, LDA
Manoj , PWD
Atin, JENPAS
Shatarupa, OPSC
Arpita, JENPAS
Shital, SSC JE (Mech)
Nancy, UGC NET
Atul, SSC JE (ELCT)
Rahul, SSC JE (CIVILl)
Anand, SSC JE (ELCT)
Mohan, SSC JE (ELCT)
Saurabh, UGC NET
Ved, SSC JE (Mech)
THEY DID IT. YOU CAN TOO
READ THEIR STORIES !

Adda247 GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| Q.96 | मई 2026 में LA ट्रैक फेस्ट में, हैबटॉम सैमुअल (Habtom Samuel) ने कॉलेजिएट एथलेटिक्स में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। उन्होंने कौन-सा रिकॉर्ड तोड़ा? |
| Ans | ✗ A. NCAA 110m हर्डल्स रिकॉर्ड<br>✓ B. NCAA 5000m रिकॉर्ड<br>✗ C. NCAA 1500m रिकॉर्ड<br>✗ D. NCAA लॉन्ग जंप रिकॉर्ड |

| | |
|---|---|
| Q.97 | मई 2026 में युवा मामले और खेल राज्य मंत्री के नेतृत्व में आयोजित, 'फिट इंडिया संडेज़ ऑन साइकिल' के 75वें संस्करण के 'विशेष राष्ट्रमंडल खेल संस्करण' का आयोजन किस संस्थान के परिसर में किया गया था? |
| Ans | ✗ A. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली<br>✗ B. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान सिलचर<br>✗ C. भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरु<br>✓ D. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहाटी |

| | |
|---|---|
| Q.98 | विद्युत मंत्रालय तथा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के संरक्षण में 'प्रकृति 2026' सम्मेलन का आयोजन किसने किया? |
| Ans | ✗ A. नीति आयोग<br>✗ B. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड<br>✓ C. ऊर्जा दक्षता ब्यूरो<br>✗ D. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग |

| | |
|---|---|
| Q.99 | 13 मई, 2026 को, ISRO टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और कमांड नेटवर्क (ISTRAC) ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे में SAMEER के साथ एक ऐतिहासिक MoU पर हस्ताक्षर किए। SAMEER किस केंद्रीय मंत्रालय के अधीन कार्य करता है? |
| Ans | ✗ A. संचार मंत्रालय<br>✗ B. विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय<br>✓ C. इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय<br>✗ D. रक्षा मंत्रालय |

| | |
|---|---|
| Q.100 | 2026 में, कौन-सी अंतरिक्ष एजेंसी चार अंतरिक्ष यात्रियों को भविष्य के मिशनों के लिए चंद्रमा के सुदूर भाग, परीक्षण प्रणालियों और कार्यप्रवाहों में ले गई थी? |
| Ans | ✗ A. सीएनएसए (चीन)<br>✗ B. ईएसए (यूरोप)<br>✓ C. नासा (अमेरिका)<br>✗ D. इसरो (भारत) |

Adda247

"